Sl No.: 87

# राजकीय महिला महाविद्यालय गुलजारबाग, पटना -7

(मगध विश्वविद्यालय)
से सम्बध

''नैक'' द्वारा प्रदत्त ग्रेड ''B''

राजकीय महिला महाविद्यालय, गुलजारबाग, पटना-7
आत्म दीपो भव BE YOUR OWN LIGHT
स्थापित - 1973

# (विवरणिका) त्रि-वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम
# PROSPECTUS FOR GRADUATION

-:प्राचार्या:-


दूरभाष संख्या : 0612-2370423 (कार्यालय)

ई-मेल : govt.wc.gulzarbagh@gmail.com
principalgovt.wc.gulzarbagh@gmail.com

website : www.gwcgulzarbagh.ac.in


शुल्क : 50/-

# राजकीय महिला महाविद्यालय, गुलजारबाग, पटना-7

परिचय:-

इस महाविद्यालय की स्थापना राज्य सरकार द्वारा 01 जून 1973 ई० को स्त्री शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। शिक्षा के क्षेत्र में पूर्वी पटना में इस महाविद्यालय का अप्रतिम योगदान है। इसे बिहार का प्रथम राजकीय महिला महाविद्यालय का गौरव प्राप्त है। इस महाविद्यालय से उत्तीर्ण छात्राएँ विभिन्न जगहों पर सम्मानपूर्वक चयनित होकर राष्ट्र की सेवा में अपूर्व योगदान दे रही हैं।

यहाँ छात्राओं को शैक्षणिक ज्ञान के साथ रचनात्मक-कला, समाज सेवा, नेतृत्व-कला, पर्यावरण के प्रति जागरूकता तथा आत्म रक्षा की शिक्षा भी दी जाती है।

वर्तमान में यहाँ तीन संकाय क्रमशः **कला, विज्ञान एवं वाणिज्य** कार्यरत हैं। इनमें त्रिवर्षीय स्नातक (प्रतिष्ठा एवं पास कोर्स) पाठ्यक्रम उपलब्ध है। इसके साथ-साथ व्यावसायिक पाठ्यक्रम (ऐड ऑन कोर्स) क्रमशः MCCCP, CCDTP एवं CCA उपलब्ध है। इन पाठ्यक्रमों को छात्राएँ अपने मुख्य पाठ्यक्रम के साथ पढ़ सकतीं हैं।

कुल मिलाकर यह महाविद्यालय अपनी छात्राओं को योग्य एवं सक्षम नागरिक बनाने की दिशा में कार्यरत है तथा उन्हें एक उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करने में साधनारत है।

## सामान्य विधान

## प्रवेश संबंधी नियम

1. स्नातक वर्ग में प्रवेश के लिए आवेदन महाविद्यालय कार्यालय से प्राप्त विहित आवेदन पत्र में या महाविद्यालय के वेबसाइट से डाउनलोड किये हुए प्रपत्र में होना आवश्यक है।
2. आवेदन प्रपत्र के साथ अभ्यर्थी के इन्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा के अंक-पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि तथा +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत विद्यालय परित्याग प्रमाण-पत्र (S.L.C.) होना अनिवार्य है।
3. वर्त्तमान सत्र की इन्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा से पूर्व उत्तीर्ण हुई छात्रा को आवेदन पत्र के साथ इस आशय का शपथ-पत्र (Affidavit) प्रस्तुत करना होगा कि इससे पूर्व उसने किसी अन्य महाविद्यालय में नामांकन नहीं लिया था। यदि इसके पूर्व कहीं नामांकन करवाया हो तो उस महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त परित्याग प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इसके अभाव में आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
4. वैसे अभ्यर्थी जो दूसरे बोर्ड से इन्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण किये हों उनहें प्रवजन प्रमाण-पत्र (माइग्रेशन सर्टिफिकेट) प्रस्तुत करना होगा।
5. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाती (परिशिष्ट-1) अथवा मोमिन वर्ग की अभ्यर्थियों को अपने मूल निवास स्थान के एस.डी.ओ. द्वारा निर्गत जाति 'प्रमाण-पत्र' की राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा सत्यापित प्रतिलिपि आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है, अन्यथा उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिल सकेगा। प्रवेश के समय मूल प्रमाण-पत्र जमा करना होगा।
6. **प्रवेश के लिए निम्नलिखित तिथियों के बाद प्राप्त हुए आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।**
   (क) स्नातक खण्ड-I के लिए-इन्टरमीडिएट परीक्षाफल प्रकाशित होने से पन्द्रह दिनों या प्राचार्या द्वारा नियत समय के अन्दर।
   (ख) स्नातक खण्ड-II के लिए-मगध विश्वविद्यालय स्नातक खण्ड-I की परीक्षाफल प्रकाशित होने से 15 दिनों या प्राचार्या द्वारा नियम समय के अन्दर।
   (ग) स्नातक खण्ड-III के लिए-मगध विश्वविद्यालय स्नातक खण्ड-II का परीक्षाफल प्रकाशित होने से 15 दिनों या प्राचार्या द्वारा नियत समय के अन्दर।
7. चयनित अभ्यर्थियों की सूची/नामांकन संबंधी सूचना, महाविद्यालय के सूचना पट्ट पर दे दी जाएगी। तत्संबंधी कोई भी सूचना डाक द्वारा नहीं दी जाएगी।

8. नामांकन इन्टरमीडिएट परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर एवं संबंधित विषय में स्थान की उपलब्धता के आधार पर होगा। आवेदन करना नामांकन की गारंटी नहीं है ।

9. अभ्यर्थी द्वारा चयनित विषयों को स्वीकृत, अस्वीकृत अथवा परिवर्तित करने का अधिकार प्राचार्या को प्राप्त है ।

10. (क) नामांकन के समय ही अभ्यर्थी को मनोकूल विषय प्राप्त करने का अनुरोध करना चाहिए ।
(ख) नामांकन के पश्चात् एक माह के भीतर ही विषय परिवर्तन संभव है। इसके बाद विषय परिवर्तन के लिए छात्रा का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

11. विज्ञान एवं वाणिज्य में नामांकन की इच्छुक अयर्थियों को संबंधित विषय के साथ-साथ गणित एवं अंग्रेजी में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है ।

**नोट:-(क) एक बार प्रवेश प्राप्त कर लेने के बाद उसी सत्र में स्थानांतरण प्रमाण-पत्र नहीं दिया जा सकेगा, जबतक कि प्राचार्या इसके बारे में पूर्ण रूपेण संतुष्ट न हो जाए ।**

**(ख) स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन करने पर तथा प्राचार्या की सम्मति प्राप्त होने पर, आवेदन तिथि के एक सप्ताह पश्चात् ही प्रमाण-पत्र दिया जा सकेगा । इसके लिए छात्रा किसी प्रकार का दबाव नहीं बना सकती है ।**

**(ग) सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों की उपस्थिति के प्रतिशत की गणना वर्ग प्रारंभ होने की घोषित तिथि से होगी, जिसमें 75% उपस्थिति अनिवार्य है । उपस्थिति कम होने की स्थिति में छात्रा को परीक्षा फॉर्म भरने से रोका जा सकता है । इस संबंध में छात्रा या अभिभावक अनावश्यक अनुरोध या दबाव नहीं दे सकते हैं । नामांकन प्रपत्र में दिये गये शपथ-पत्र (75% उपस्थिति के लिए) अभिभावक द्वारा भरे जाने पर ही फॉर्म पूर्ण माना जायेगा ।**

स्नातक कला/विज्ञान/वाणिज्य (प्रतिष्ठा) पाठ्यक्रम का प्रारूप:-

स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को एक प्रतिष्ठा विषय में 8 पत्र पढ़ने होगे, और अनुपूरक विषयों में 4 पत्र पढ़ने होगें तथा एकं रचना (राष्ट्रभाषा/मातृभाषा) में दो पत्र पढ़ने होगें तथा तृतीय वर्ष में एक पत्र सामान्य ज्ञान का पढ़ना होगा । इस समस्त पत्रों का विभाजन निम्नवत् है-

| क | परीक्षा | प्रतिष्ठा का विषय | अनुपूरक विषय | रचना | समान्य ज्ञान | कुल पत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्नातक प्रथम खण्ड | 2 पत्र (पत्र-i & पत्र-ii) | 2 पत्र (पत्र-i चयनित दो विषय से | 1 पत्र (100 अंक 50+50 अंक) | ....... | 5 पत्र |
| 2. | स्नातक द्वितीय खण्ड | 2 पत्र (पत्र-iii & पत्र-iv) | 2 पत्र (पत्र-ii चयनित दो विषय से | 1 पत्र (100 अंक 50+50 अंक) | ....... | 5 पत्र |
| 3. | स्नातक तृतीय खण्ड | 4 पत्र (पत्र-v, vi, vii तथा पत्र-viii) | ............. | ............. | 1 पत्र | 5 पत्र |
| | कुल योग | 8 पत्र | 4 पत्र | 2 पत्र | 1 पत्र | 15 पत्र |

## त्रिवर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम

## स्नातक कला / विज्ञान / वाणिज्य

**(1) पाठ्यक्रम की अवधि : 3 वर्ष**

स्नातक कला / विज्ञान / वाणिज्य (प्रतिष्ठा) का पाठ्यक्रम तीन वर्षो का है । पढ़ाई के प्रथम वर्ष को स्नातक प्रथम खण्ड, द्वितीय वर्ष को स्नातक द्वितीय खण्ड तथा तृतीय वर्ष को स्नातक तृतीय खण्ड के नाम से जाना जायेगा ।

**(2) अर्हता / योग्यता :-**

(क) 10 + 2 अथवा उसके समतुल्य परीक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए ।

(ख) स्नातक प्रतिष्ठा में प्रवेश पाने के लिए संबंधित विषय में इंटरमीडिएट स्तर पर परीक्षा में कम से कम 45% अंक होना चाहिए ।

(ग) विज्ञान एवं वाणिज्य से इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण छात्रा कला स्नातक में प्रवेश पा सकती है बशर्ते उसने परीक्षा में कम से कम 45% अंक प्राप्त किया हो ।

## स्नातक कला (प्रतिष्ठा) खण्ड-I (कुल स्थान-720)

### (एक विषय में प्रतिष्ठा की छात्राओं की अधिकतम संख्या 128)

प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यार्थी को निम्न विवरणी से विषयों का चयन करना है:-

| प्रतिष्ठा विषय (किसी एक विषय को लें) | अनुपूरक विषय (किसी दो विषय को लें) | अनिवार्य विषय (किसी एक विषय को लें) |
|---|---|---|
| 01. मनोविज्ञान<br>02. गृह विान<br>03. भूगोल<br>04. संगीत<br>05. अर्थशास्त्र<br>06. राजनीतिशास्त्र<br>07. इतिहास<br>08. समाजशास्त्र<br>09. दर्शनशास्त्र<br>10. संस्कृत<br>11. हिन्दी 12. उर्दू, 13. अंग्रेजी<br>14. बांगला | **समूह-क**<br>1. राजनीतिशास्त्र<br>2. अर्थशास्त्र<br>3. इतिहास<br>4. समाजशास्त्र<br>5. दर्शनशास्त्र<br>**समूह-ख**<br>1. मनोविज्ञान<br>2. गृहविज्ञान<br>3. भूगोल<br>4. संगीत<br>**समूह-ग**<br>1. संस्कृत, 2. हिन्दी<br>3. उर्दू, 4. अंग्रेजी, 5. बांगला | (अ) हिन्दी रचना (100 अंक)<br>या<br>(ब) हिन्दी रचना (50 अंक)<br>और<br>उर्दू या अंग्रेजी (50 अंक)<br>या<br>(स) अंग्रेजी रचना (100 अंक)<br>(सिर्फ गैर भारतीय अधिवासी के लिए मान्य) |

नोट:-नामांकन के प्रपत्र भरने से पहले छात्रा सुनिश्चित कर लें कि:-

- जिस विषय का चयन प्रतिष्ठा के लिए किया गया है, उसे अनुपूरक विषय में नहीं लिया जा सकता है ।
- समूह-ख से किसी एक प्रायोगिक विषय का ही चयन किया जा सकता है।
- समूह-ग से किसी एक विषय को ही लिया जा सकता है ।
- भूगोल, प्रतिष्ठा या अनुपूरक विषय लेने के लिए इंटरमीडिएट में भूगोल होना आवश्यक है ।
- अनिवार्य विषय के अंतर्गत छात्रा 'अ' या 'ब' या 'स' किसी एक विषय का ही चयन कर सकती है ।
- तृतीय वर्ष में रचना की जगह 'सामान्य ज्ञान' का अध्ययन करना होगा ।

## (ब) स्नातक विज्ञान (प्रतिष्ठा) (कुल स्थान-560)

### (एक विषय में प्रतिष्ठा की छात्राओं की अधिकतम संख्या-110)

स्नातक विज्ञान (प्रतिष्ठा) खण्ड-I में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को निम्नांकित विषय समूहों में से चयन करना है:-

| प्रतिष्ठा विषय | अनुपूरक विषय | अनिवार्य विषय |
|---|---|---|
| 1. गणित | भौतिकी शास्त्र एवं<br>रसायन शास्त्र | (अ) हिन्दी (100 अंक)<br>अथवा<br>(ब) हिन्दी (50 अंक) + उर्दू<br>या अंग्रेजी (50 अंक)<br>अथवा<br>(स) अंग्रेजी (100 अंक)<br>(गैर भारतीय अधिवासी छात्रा के लिए मान्य) |
| 2. रसायनशास्त्र<br>3. भौतिकी शास्त्र | 1. गणित एवं भौतिकी शास्त्र<br>अथवा<br>2. वनस्पतिशास्त्र एवं प्राणि विज्ञान | |
| 4. प्राणि विज्ञान<br>5. वनस्पतिशास्त्र | वनस्पतिशास्त्र एवं रसायनशास्त्र<br>प्राणि विज्ञान एवं रसायनशास्त्र | |

नोट:-1. किसी विषय में प्रतिष्ठा लेने के लिए उस विषय में 45% अंक होना अनिवार्य है । सभी विषयों में सैद्धांतिक (Theory) तथा प्रायोगिक पत्रों (Practical) में अलग-अलग 45% अंक होना अनिवार्य है ।

2. ज़िस विषय का अध्ययन इन्टरमीडिएट में नहीं किया गया हो, वह स्नातक तृतीय विषय (अनुपूरक) में नहीं लिया जा सकता है ।

3. उपर दिये गये विषय समूहों में से ही विषय का चयन किया जा सकता है ।

4. आवेदन में 'प्राथमिकता क्रम' में किन्हीं तीन ही 'विषय समूहों' का उल्लेख किया जाना चाहिए ।

5. ऊपर दिये गये विषय समूहों में से ही विषय का चयन किया जा सकता है ।

## (स) स्नातक वाणिज्य (प्रतिष्ठा) (कुल स्थान-560)

वाणिज्य संकाय में स्नातक प्रतिष्ठा के लिए पाठ्यक्रम निम्नवत् है-

| Class | Hon's | Subsidiary | Composition |
|---|---|---|---|
| B.Com.-I | 1. Financial Account<br>2. Auditing | 1. Principal of Economics<br>2. Business Organisation. | Hindi Comp.-100<br>Or<br>Hindi (50) + Eng.(50) or Urdu (50)<br>Or<br>Eng. Comp.-100 (For N.R.I. Students) |
| B Com.II | 1. Specialised Account<br>2. Business Law | 1. Money & Banking<br>2. Planning & Economics Developent of India | Hindi Comp.-100<br>Or<br>Hindi (50) + Eng. (50) or Urdu (50)<br>Or<br>Eng. Comp.-100 (For N.R.I. Students) |
| B. Com.-III | 1. Cost Account<br>2. Management Account<br>3. Bus. Math & Statistics<br>4. Incom Tax Law And Practice. | ............... | G.K. |

नोट:- (1) इन्टरमीडिएट अथवा समतुल्य परीक्षा में कम से कम 45% अंक होना चाहिए ।

(2) छात्रा को उपरोक्त वर्णित विषय ही मिलेंगे ।

## (व्यावसायिक पाठ्यक्रम) कम्प्यूटर कोर्स

महाविद्यालय में कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत नवीन राजकीय पोलिटेक्निक पाटलीपुत्र के पर्यवेक्षण के अधीन विभिन्न कोर्स चलाए जा रहे हैं। इन्हें स्नातक पाठ्यक्रम के साथ-साथ किया जा सकता है ।

| क्र.स. | पाठ्यक्रम का नाम | ए.आई.सी. टी.ई. समतुल्य पाठ्यक्रम | पाठ्यक्रम की अवधि | पाठ्यक्रम शुल्क | अर्हता | रोजगार के अवसर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | मोड्यूलर सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग (MCCCP) | डिप्लोमा | 2. सेमेस्टर अर्थात् 1वर्ष | रु० 4000/- प्रति सेमेस्टर | इन्टर उत्तीर्ण | जूनियर ई.डी.पी. असिस्टेंट, वेब डिजायनर, लैब डिमान्ट्रेटर |
| 2. | सर्टिफिकेट एकाउन्टिंग (CCA) | सर्टिफिकेट कोर्स | 6 माह | रु० 3000/- | मैट्रिक उत्तीर्ण | बुक किपिंग, एकाउन्ट कलर्क |
| 3. | सर्टिफिकेट कोर्स इन डेस्कटॉप पब्लिसंग (CCDTP) | सर्टिफिकेट कोर्स | 6 माह | रु० 3000/- | मैट्रिक उत्तीर्ण | ग्राफिक डिजायनर ई-मीडिया/ प्रिंट मीडिया/वेब मीडिया आदि । |

## आरक्षण संबंधी नियम

1. खेल-कूद (Sports) तथा ललित कला (Fine Arts) में दक्षता प्राप्त छात्राओं के लिए प्रत्येक वर्ग में पाँच-पाँच स्थान आरक्षित है । (इस श्रेणी में आवेदिका को महाविद्यालय/राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करने का प्रमाण-पत्र जमा करना होगा) ।
2. प्रत्येक वर्ग में भूतपूर्व सैनिक तथा वीरगति को प्राप्त सैनिक की पुत्रियों के लिए दो स्थान आरक्षित है ।
3. विकलांग (Handicapped) छात्राओं के लिए प्रत्येक वर्ग में पाँच स्थान आरक्षित है । इस श्रेणी में नामांकन का दावा करने वाली छात्रा को अपने जिला के सिविल सर्जन द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा । जिसमें विकलांगता का प्रतिशत उल्लेखित हो साथ ही सिविल सर्जन द्वारा आवेदिका का फोटो भी अभिप्रमाणित किया गया हो ।

   **(नोट-40% से कम विकलांगता इस श्रेणी के लिए अमान्य है ।)**
4. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति एवं पिछड़ा वर्ग (परिशिष्ट-1) की छात्राओं के लिए प्रत्येक वर्ग में **दस प्रतिशत स्थान** आरक्षित है ! (इस श्रेणी में नामांकन प्राप्त करने की इच्छुक छात्रा को अनुमंडलाधिकारी / जिला पदाधिकारी (SDO / DM) द्वारा निर्गत जाति प्रमाण-पत्र ही जमा करना होगा ।)

   नामांकन में आरक्षण की कोटिवार संख्या निम्नवत् है:-

| | | |
|---|---|---|
| अनुसूचित जातियाँ | - | 16% |
| अनुसूचित जन जातियाँ | - | 01% |
| अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | - | 18% |
| पिछड़ा वर्ग | - | 12% |
| पिछड़ा वर्ग की महिलाएँ | - | 03% |
| कुल | - | 50% |

## महाविद्यालय में अनुशासन

01. सभी छात्राओं के लिए वर्ग में 75% उपस्थिति अनिवार्य है ।
02. छात्राओं को प्रतिदिन महाविद्यालय द्वारा निर्धारित पोशाक **(गहरा भूरा रंग का कुर्त्ता, सफेद सलवार एवं सफेद दुपट्टा)** पहन कर आना अनिवार्य है ।
03. महाविद्यालय परिसर में मोबाईल फोन का प्रयोग वर्जित है । मोबाईल फोन पर बात करते या गाना सुनते पकड़े जाने पर रु० 500/- का दण्ड लगेगा।
04. छात्राओं को प्रतिदिन अपना परिचय-पत्र (I.Card) लेकर आना अनिवार्य है । अन्यथा उन्हें वर्ग में प्रवेश करने नहीं दिया जाएगा ।
05. वर्ग के बाहर एवं भीतर शोर मचाना मना है ।
06. महाविद्यालय परिसर तथा वर्ग में गंदगी फैलाना मना है ।
07. महाविद्यालय परिसर में छात्राओं से विनम्रता अपेक्षित है ।
08. बिना पूर्व अनुमति के प्राचार्या कक्ष में प्रवेश वर्जित है ।
09. छात्राओं का कार्यालय के अन्दर प्रवेश वर्जित है । अपने कार्यों के लिए वे यथासंभव सम्बद्ध खिड़कियों पर उपस्थित सहायकों की सहायता लें ।
10. सूचना-पट्ट पर लगाये गये सूचना-पत्रों को नुकसान पहुँचाना दण्डनीय व्यवहार है ।
11. महाविद्यालय में रैगिंग वर्जित है । जो छात्रा ऐसा करती पकड़ी जायेगी या जिसके बारे में इसकी शिकायत मिलेगी उसे महाविद्यालय से निष्कासित कर दिया जाएगा ।

**नोट:-महाविद्यालय में 'एन्टी रैगिंग सेल' कार्यरत है । रैगिंग संबंधित शिकायत के लिए छात्रा इस सेल में अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है ।**

## पाठ्येत्तर कार्यकलाप

**(1) क्रीडा**-छात्राओं के लिए महाविद्यालय में खेल-कूद की व्यवस्था है ।
इसके तहत:-शतरंज, कैरमबोर्ड, बैडमिंटन, जैवलीन थ्रो, डिस्क थ्रो इत्यादि की व्यवस्था है । प्रतिवर्ष एक बार खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन एवं विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया जाता है ।

**(2) छात्र-कल्याण समिति:-**
महाविद्यालय की छात्राओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से छात्र-कल्याण संघ्र कार्यरत है । इसकी प्रभारी प्राध्यापिकाएँ समय-समय पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ व गतिविधियाँ संचालित करती हैं, जैसे-सावन में मेंहदी प्रतियोगिता, दीपावली के समय रंगोली एवं दीप सज्जा, पेंटिंग प्रतियोगिता, वाद-विवाद, निबंध लेखन प्रतियोगिता इत्यादि ।

**(3) पर्यावरण संरक्षक समूह:-**
इसे ''इको टास्क फोर्स'' के नाम से जाना जाता है । इसकी सदस्यता ग्रहण कर छात्राएँ वृक्षारोपण के साथ-साथ पर्यावरण के संरक्षण के लिए कार्य करती हैं तथा लोगों को इसके प्रति जागरूक करती हैं । इसके तहत पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं ।

**(4) राष्ट्रीय छात्र-सैन्य-संघ (एन०सी०सी०):-**
महाविद्यालय में एन०सी०सी० की शाखा कार्यरत है । छात्राएँ इसमें प्रवेश लेकर राष्ट्र सेवा का कार्य कर सकती हैं । इसकी विभिन्न जानकारियाँ निम्नवत् हैं :-

- स्थान- 60 मात्र
- योग्यता- 10वीं पास तथा आयु 15 से 26 वर्ष तक ।
- कार्य- परेड, ट्रैकिंग, पर्वतारोहण, पैरासिलिंग, आपदा के समय राहत कार्य इत्यादि ।
- अवधि- तीन वर्ष ।
- सुविधा- 1. वर्दी एवं जूते निःशुल्क मिलते हैं ।
  2. प्रशिक्षण शिविर में आने जाने रहने तथा खादे-पीने की निःशुल्क सुविधा ।

**(5) राष्ट्रीय सेवा योजना (एन०एन०एस०)-**

छात्राओं के समग्र विकास के लिए एन०एस०एस० की एक शाखा कार्यरत है । वैसी छात्राएँ जो एन०सी०सी० नहीं लेना चाहती या जिन्हें एन०सी०सी० नहीं मिला उन्हें एन०एस०एस० लेना होगा ।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सामाजिक हित के कार्यो से जोड़ना है । उनमें समाज के उन्नयन हेतु रचनात्मक तथा संगठनात्मक कार्यो के प्रति जागरूकता पैदा करना है ।

प्रत्येक सत्र में इस योजना के अंतर्गत 120 घंटे कार्य करना होता है । शिविर में भाग लेने एवं प्रशिक्षण पूरा करने के बाद छात्राओं को प्रमाण–पत्र दिये जाते हैं ।

**(6) विज्ञान प्रदर्शनी :-**

प्रतिवर्ष विज्ञान संकाय की छात्राओं को अपनी मौलिक कल्पना को मूर्त्त करते हुए 'विज्ञान प्रदर्शनी' लगाने का अवसर उपलब्ध कराया जाता है ।

**पुस्तकालय :-**

महाविद्यालय में छात्राओं के लिए एक समृद्ध पुस्तकालय एवं ई–लाइब्रेरी की सुविधा है ।

**(समय- 9:20 बजे प्रात: से 3:00 बजे अपराह्न तक)**

**(7) कराटे**–छात्राओं को आत्मरक्षा एवं आत्मविश्वास से लबरेज करने के लिए नि:शुल्क कराटे प्रशिक्षण दिया जाता है । प्रत्येक छात्रा अपने संकाय एवं वर्ष के लिए निर्धारित समय व दिन पर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती है ।

**(8) महाविद्यालय पत्रिका – ''जिज्ञासा'' –**

महाविद्यालय द्वारा छात्राओं, प्राध्यापिकाओं एवं अन्य कर्मचारियों के रचनात्मक एवं बौद्धिक विकास के लिए 'जिज्ञासा' नाम की पत्रिका का प्रकाशन किया जाता है । इसमें छात्राएँ अपनी मौलिक रचनाएँ प्रकाशित करवा सकती है । इसके लिए सूचना जारी की जाती है । छात्रा तद्नुरूप प्रभारी प्राध्यापिका से संपर्क कर अपनी रचनाएँ दे सकती है ।

## शुल्क विवरणी

| क्र.सं. | वर्ग | मासिक शिक्षण शुल्क | प्रवेश शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1. | स्नातक कला/कॉमर्स (प्रतिष्ठा) (गैर प्रायोगिक विषय) | रु० 13/- | रु० 13/- |
| 2. | गृहविज्ञान, मनोविज्ञान, भूगोल एवं संगीत | रु० 14/- | रु० 14/- |
| 3. | स्नातक विज्ञान (प्रतिष्ठा) | रु० 14/- | रु० 14/- |
| 4. | प्रयोगशाला विकास शुल्क (केवल प्रायोगिक विषय के लिए) | रु० 75/- | पूरे सत्र में एक बार लिया जाता है । |
| 5. | मूल अंक पत्र वापसी शुल्क | रु० 50/- | पूरे सत्र में |

### विविध शुल्क (वार्षिक शुल्क)

| क्र. सं. | वर्ग | वार्षिक शुल्क | प्रवेश शुल्क |
|---|---|---|---|
| 7. | a. पुस्तकालय शुल्क | रु० 30/- | |
| | b. छात्रा निर्धन कोष | रु० 10/- | |
| | c. छात्रा कॉमन रूम | रु० 50/- | |
| | d. मैगजीन | रु० 50/- | |
| | e. परिचय शुल्क | रु० 40/- | |
| | f. क्रीड़ा शुल्क | रु० 60/- | |
| | g. विकास शुल्क | रु० 300/- | |
| | h. महाविद्यालय परीक्षा शुल्क | रु० 50/- | |
| | i. चिकित्सा शुल्क | रु० 10/- | |
| कुल राशि :- | | **रु० 600/-** | |

**टिप्पणी:-('प्रवेश शुल्क' महाविद्यालय में पहली बार नामांकन करवाते समय लिया जाता है । जिन छात्राओं ने इंटरमीडिएट इसी महाविद्यालय से उत्तीर्ण किया है, उन्हें यह शुल्क नहीं देना पड़ेगा ।)**

## छात्रवृत्तियों का ब्योरा

(1) सामान्य वर्ग की निर्धन छात्राओं के लिए नि:शुल्कता (फ्रीशिप) है । इसके लिए छात्रा को महाविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रपत्र भरना होगा एवं समिति के समक्ष 'आय प्रमाण–पत्र' प्रस्तुत करना होगा ।

(2) समय–समय पर मेधावी छात्राओं को विभिन्न संस्थाओं द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति मिलती है ।

**नोट:–छात्रा समय–समय पर जारी सूचना को देखती रहे व छात्रवृत्ति संबंधी सूचना जारी होने पर निर्देशानुसार कार्य करे ।**

## महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापिका की विवरणी

| नाम | पदनाम एवं विभाग | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1. डा. .बिधु रानी सहाय सिंह | प्रभारी प्राचार्या | M.Sc. (Zoology) B.Ed. Ph.d |
| 2. डा. जयश्री | असिस्टेंट प्राफेसर, भूगोल विभाग | एम. ए. (भूगोल) पी.एच.डी. |
| 3. डा. संगीता विश्वनाथ | असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीतिशास्त्र विभाग | M.A. (Pol. Sc.) Ph.d. |
| 4. डा. किरण कुमारी | असिस्टेंट प्रोफेसर, वनस्पतिशास्त्र विभाग | M.Sc. (Botany) B.Ed. Ph.d. |
| 5. डा. आयशा बानो | असिस्टेंट प्राफेसर, मनोविज्ञान विभाग | एम.ए. (मनोविज्ञान) बी.एड., पी.एच.डी. |
| 6. डॉ.,उषा यादव | असिस्टेंट प्रोफेसर (हिन्दी विभाग) | एम. ए. (हिन्दी) पी.एच.डी. |
| 7 डा. इला | असिस्टेंट प्राफेसर, भौतिकी विभाग | M.Sc. (Physics) Ph.D. |
| 8. श्रीमती सुनीता कुमारी | असिस्टेंट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग | एम. कॉम |
| 9. डा.श्रीमती मंजू कुमारी | असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीतिशास्त्र विभाग | M.A. (Pol. Sc.) B.Ed. |
| 10. डॉ रंजु कुमारी | असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग | एम.ए. (संस्कृत) पी.एच.डी. |
| 11. श्रीमती सुनीता रंजन टोप्पो | असिस्टेंट प्रोफेसर, इतिहास विभाग | M.A. (History) M.A. (Edu.) |
| 12 श्रीमती प्रभा कुमारी | असिस्टेंट प्रोफेसर, भूगोल विभाग | M.A. (Geography) B.Ed. |
| 13. डा. सवीहा अहसन | असिस्टेंट प्रोफेसर, गणित विभाग | M.Sc. Ph.D., B.Ed., M.Ed. |
| 14 श्रीमती अनीता मिंज | असिस्टेंट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग | एम.ए.(अर्थशास्त्र) बी.एड. |
| 15. श्रीमती अनिता एक्का | असिस्टेंट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग | एम.ए. (हिन्दी) |
| 16. डा० रंजीता | असिस्टेंट प्रोफेसर, संगीत विभाग | एम.ए. (संगीत) पी.एच.डी |
| 17. डॉ. विनीता कुमारी | असिस्टेंट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग | M.A. (English) Ph.d. |
| 18. श्रीमती उषा पासवान | असिस्टेंट प्रोफेसर, जंतु विज्ञान विभाग | M.Sc. (Zoology) |
| 19. श्रीमती श्रुतितेतरवे | असिस्टेंट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग | एम. कॉम एम.एड. |
| 20. डॉ. कुमारी निमिपा | असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायनशास्त्र विभाग | M.Sc. (Chemistry). Ph.D., B.Ed. |
| 21. डॉ. बिमला पॉल | असिस्टेंट प्रोफेसर, गृह विज्ञान विभाग | M.Sc. (H.Sc.) Ph.D. |
| 22. डॉ. कुमारी मणि | असिस्टेंट प्रोफेसर, गृह विज्ञान विभाग | M.Sc. (CRME) Ph.D., MBA (HRM) |

| क्रम सं० | कर्मचारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | श्रीमती विभा भगत, | प्रयोगशाला सहायिका |
| 2. | श्रीमती दीपा रानी, | प्रयोगशाला सहायिका |
| 3. | श्रीमती शबीना फातमा, | प्रयोगशाला सहायिका |
| 4. | श्री अर्जुन रजक, | प्रयोगशाला सहायिका |
| 5. | श्रीमती सुनीता पाण्डेय, | प्रयोगशाला सहायिका |
| 6. | श्री कु० राजभूषण मिश्र, | तबला वादक |

| क्रम सं० | कर्मचारी का नाम | संबंधित कार्य |
|---|---|---|
| 1. | श्री रेवती रंजन प्रसाद | छात्रवृत्ति |
| 2. | श्री राजेश कुमार सिन्हा | लेखा कार्य |
| 3. | श्री मेधानाथ मिश्रा | पंजीयन कार्य |
| 4. | श्री अनुज कुमार | शुल्कादि लेने का कार्य |
| 5. | श्री रविशंकर कुमार | कार्यालय सहायक |
| 6. | श्री रवि कुमार | सी.एल.सी. |

## विशेष सूचना

**I. मूल्यांकन पद्धति :-**

विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय परीक्षा के अतिरिक्त महाविद्यालय में द्विस्तरीय परीक्षा ली जाती है ।

(i) जाँच परीक्षा (ii) उत्प्रेषण परीक्षा

**II. शैक्षणिक कैलेन्डर**

महाविद्यालय का शैक्षणिक कैलेन्डर (नामांकन, वर्ग, परीक्षा एवं अवकाश संबंधी) मगध विश्वविद्यालय के दिशा निर्देश के अनुसार होता है ।

**III. फीस रिफन्ड :-**

इस महाविद्यालय में शुल्क जमा हो जाने के बाद किसी भी परिस्थिति में शुल्क वापसी संभव नहीं है क्योंकि छात्राओं से किसी भी प्रकार की Caution Money नहीं ली जाती है ।

---

नोट:- इस महाविद्यालय की समस्त डिग्रियाँ यू०जी०सी० की धारा-22 सी के तहत अधिसूचित है ।






वार्षिक समारोह-2016



